आडिट प्रस्तर/समयबद्व

संख्या-38/59/84-1-14-1203(आ0प्र0)/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 20 जनवरी, 2013

विषय- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की वर्ष 2012-13 की रिपोर्ट(राज्य के वित्त) में सम्मिलित करने हेतु अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभाग से संबंधित आडिट आपत्तियों पर टिप्पणी उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-100/1203/84-1-2013, दिनॉक 18 नवम्बर, 2013 एवं अनुस्मरण पत्र दिनॉक 04 दिसम्बर, 2013, दिनॉक 24 दिसम्बर, 2013, दिनॉक 08 जनवरी, 2013 व दिनॉक 13 जनवरी, 2014 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक की वर्ष 2012-13 की रिपोर्ट (राज्य के वित्त) में सम्मिलित करने हेतु अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभाग से संबंधित आडिट आपत्तियों पर टिप्पणी समयबद्व रूप से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक शासन में अप्राप्त है। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में व्यक्तिगत ध्यान देकर अध्याय-2 तथा अध्याय-3 में विभागीय आडिट प्रस्तरों पर वांछित व्याख्यात्मक टिप्पणी सी0 डी0 सहित शासन को **आज ही** उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://sahasanadesh.up.nic.in